स्मिता शास्त्री

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः
कूचिपूड़ी

SMITA SHASTRI

Sangeet Natak Akademi Amrit Award:
Kuchipudi

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 1 जनवरी 1946 को जन्मी, श्रीमती स्मिता शास्त्री ने चटुनी पणिकर, किटप्पा पिल्लई, सी. आर. आचार्यलु और के. कल्याणसुंदरम के संरक्षण में कूचिपूड़ी नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आप भरतनाट्यम की तंजौर बानी और कूचिपूड़ी की आचार्यलु बानी में प्रशिक्षित कलाकार हैं। आपने कुछ समय तक दर्पण अकादमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स से कथकलि और डॉ. प्रदीप्ता गांगुली से शास्त्रीय संगीत भी सीखा है।

श्रीमती स्मिता शास्त्री अर्थशास्त्र और सांख्यिकी में स्नातक तथा समाजशास्त्र और मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर हैं। आपने गुजरात और दक्षिण भारतीय राज्यों के मंदिरों पर तुलनात्मक अध्ययन किया है। आपने गुजरात के लोक नृत्यों पर शोध किया है और अपने स्तर पर इनमें से कई को पुनर्जीवित किया है। आपको गुजरात सरकार के सूचना एवं प्रसारण विभाग द्वारा प्रलेखित किया गया है। ब्रिस्टल रेडियो और बी.बी.सी. लंदन ने आपका साक्षात्कार लिया था और आपकी प्रस्तुतियों का प्रसारण भी किया था। आपने कोलंबिया यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क में भी अपनी प्रस्तुति दी है। आप दूरदर्शन के सेंट्रल डांस ऑडिशन बोर्ड की सदस्य रही हैं और गुजरात राज्य संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष भी। गुजरात संगीत नाटक अकादमी की सबसे कम उम्र की अध्यक्ष होने का श्रेय भी आपको ही जाता है।

श्रीमती शास्त्री को गुजरात प्रोग्रेसिव काउंसिल ऑफ कनाडा और गुजराती समाज, अमेरिका द्वारा गुजरात रत्न गौरव पुरस्कार; और सुर सिंगार संसद, मुंबई द्वारा सिंगारमणि से सम्मानित किया गया है।

कूचिपूड़ी नृत्य में योगदान के लिए श्रीमती स्मिता शास्त्री को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 1 January 1946 in Kolkata in West Bengal, Shrimati Smita Shastri has trained in Kuchipudi under the tutelage of Chatuni Panikar, Kitappa Pillai, C.R. Acharyalu and K. Kalyanasundaram. She has been training under the Tanjore *bani* of Bharatanatyam and the Acharyalu *bani* in Kuchipudi. She has also taken training in Kathakali for a brief period at the Darpana Academy of Performing Arts and in classical music from Pradipta Ganguli.

Shrimati Smita Shastri has a B.A. in Economics and Statistics and a M.A. in Sociology and Psychology. She has brought her faculties of practice and research to bear on a comparative study that she based on the temple walls of Gujarat and South Indian States. She has conducted research on the folk dances of Gujarat and to her credit has revived many. She has also been documented by the Information and Broadcasting Department of the Government of Gujarat. She has been interviewed and her performances have been showcased by Bristol Radio and the B.B.C., London. She has also performed at Columbia University, New York. She has served as the board member of the Central Dance Audition Board of Doordarshan, and was elected as the youngest Chairperson of the Gujarat State Sangeet Natak Academy.

Shrimati Shastri has been conferred with the Gujarat Ratna Gaurav Award from Gujarat Progressive Council of Canada, and Gujarati Samaj, U.S.A; and the Singarmani by the Sur Singar Samsad, Mumbai.

Shrimati Smita Shastri receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for her contribution to Kuchipudi dance.